कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2018–19 / 588 दिनांक : 22.02.2020

कृषि विश्वविद्यालय में कृषि ज्ञान संवर्द्धन हेतु कार्यशाला का आयोजन

आज दिनांक 22.02.2020 को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के केन्द्रीय पुस्तकालय में डिजीटल वातावरण में कृषि ज्ञान संवर्द्धन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न पुस्तकालय प्रभारी, छात्र–छात्राओं, प्राध्यापक एवं वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर के माननीय कुलपति प्रो. एस. कोटेश्वर राव थे, उन्होंने अपने उद्बोधन में बदलते समय की मांग के अनुरुप डिजीटल पुस्तकालय से जुड़ने एवं उसका ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये अपने आप को तैयार करने का आवाहन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. के. वीरंजनेयुलु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान बारंगल के पुस्तकालय प्रमुख थे, उन्होंने अपने उद्बोधन में आधुनिक पुस्तकालय की परिकल्पना, ज्ञान संवर्द्धन हेतु पुस्तकालय का महत्व एवं पुस्तकालय के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की तथा अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री एन.पी. रवि कुमार परियोजना प्रभारी राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना एवं प्रोफेसर श्री जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय, हैदराबाद थे। कार्यक्रम में निदेशक अनुसंधान सेवाएं डॉ. एम.पी. जैन, निदेशक शिक्षण डॉ. ए.के. सिंह, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. जे.पी. दीक्षित उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रामनिवास शर्मा प्रभारी केन्द्रीय पुस्तकालय, ग्वालियर एवं कार्यक्रम का संचालन सुश्री अर्चना भारद्वाज प्रभारी डाटा सेंटर ने किया।

NAHEP
National Agricultural Higher Education Project (NAHEP) (IG)
Indian Council of Agricultural Research, New Delhi
Sensitization Workshop
on
Agricultural Knowledge Management Tools in the Networked Digital Environment
22nd February, 2020
Central Library

NAHEP

NAHEP